श्री राजीव शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री राजीव शर्मा, आयु 51 वर्ष 29 नवंबर, 2011 से हमारे नए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं। आरईसीएल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में कार्यग्रहण करने से पहले श्री शर्मा मार्च, 2009 से पावर फाइनेंस कारपोरेशन लि. (पीएफसी) में निदेशक (प्रोजेक्टस) थे।

पीएफसी में निदेशक प्रोजेक्टस के रूप में उन पर परियोजना प्रभाग के सारे क्रियाकलापों, जिनमें कंपनी द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं का तकनीकी मूल्यांकन शामिल है, का उत्तरदायित्व था। अगस्त, 2005 से पीएफसी में कार्यकारी निदेशक की सेवा अवधि के दौरान, वे भारत में आर-एपीडीआरपी के कार्यान्वयन के प्रभारी थे और कृष्णापटनम अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट के विकास हेतु निदेशक (प्रभारी) थे। इसके अतिरिक्त उन्हेंने पीएफसी में मानव संसाधन और प्रशासन के कार्यों तथा दक्षिणी राज्यें के परियोजना मूल्यांकन की भी देखरेख की।

वह गोविन्द बल्लभ पंत यूनिवर्सिटी, पंतनगर, से वैद्युत इंजीनियरिंग के स्नातक हैं और इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलोजी, रूड़की से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (इलेक्ट्रोनिक्स एवं कम्यूनिकेशंस इंजीनियरिंग और इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) में मास्टर डिग्री प्राप्त कर चुके है।

उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री भी प्राप्त है। श्री शर्मा को विद्युत क्षेत्र में 26 से अधिक वर्षों का अनुभव है।